# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

अणुशक्तिनगर, मुंबई-400094

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा (टर्म-1) (2017-2018)

**कक्षा : 5 (पाँच) विषय: हिंदी समय: 3 घंटा पूर्णांकः 80**

**नाम :** ........................................... **वर्ग:**.... **अनुक्रमांक:**.............. **दिनांक:** ........

**विद्यालय का नाम:** ..........................................................................................

**निरीक्षक के हस्ताक्षरः** ...................**परीक्षक के हस्ताक्षरः**.............................

**जांचकर्ता के हस्ताक्षर:** .................. **प्राप्तांक :** [ ]

---

प्र.1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो ।

लोनपो गार तिब्बत के बत्तीसवें राजा सौनगवसैन गांपो के मंत्री थे। वे अपनी चालाकी और हाज़िरजवाबी के लिए दूर-दूर तक मशहूर थे। कोई उनके सामने टिकता न था। चैन से ज़िंदगी चल रही थी। मगर जब से उनका बेटा बड़ा हुआ था उनके लिए चिंता का विषय बना हुआ था। कारण यह था किवह बहुत भोला था। होशियारी उसे छूकर भी नहीं गई थी। लोनपो गार ने सोचा, "मेरा बेटा बहुत सीधा - सादा है। मेरे बाद इसका काम कैसे चलेगा!

एक दिन लोनपो गार ने अपने बेटे को सौ भेड़ें देते हुए कहा , "तुम इन्हें लेकर शहर जाओ। मगर इन्हें मारना या बेचना नहीं । इन्हें वापस लाना सौ जौ के बोरों के साथ। वरना मैं तुम्हें घर में नहीं घुसने दूँगा। " इसके बाद उन्होंने बेटे को शहर की तरफ रवाना किया।

(क) तिब्बत के बत्तीसवें राजा कौन थे? (1)

उत्तर -----------------------------------------------------------------------

(ख) लोनपो गार क्यों मशहूर थे? (1)

उत्तर -----------------------------------------------------------------------

**P.T.O**

(ग) लोनपो गार ने अपने बेटे को किसे मारने या बेचने के लिए मना किया था? (1)

उत्तर ----------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------

(घ) लोनपो गार ने अपने बेटे को शहर से क्या लाने के लिए कहा था? (1)

उत्तर ----------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------

(ङ) नीचे लिखे वाक्य को अपने शब्दों में लिखो। (1)

होशियारी उसे छूकर भी नहीं गई थी।

उत्तर ----------------------------------------------------------------------------

(च) सही कथन के सामने ( √ ) का निशान लगाओ। (1)

(1) लोनपो गार राजा सौनगवसैन के कारण चिंतित थे। ( )

(2) लोनपो गार की चिंता का कारण उनका बेटा था। ( )

(छ) विलोम शब्द लिखो। (1)

बेचना × ------------------------------

(ज) अर्थ लिखो। (1)

मशहूर = ------------------------------

(झ) वचन बदलो। (1)

भेड़ें - ------------------------------

(ञ) लिंग बदलो। (1)

बेटा - ------------------------------

प्र.2 एक शब्द में उत्तर लिखो। (5)

(क) कुमाऊँ में मकर संक्रांति को किस नाम से जाना जाता है ?

उत्तर ------------------------------------------------

(ख) केशव का जन्म कहाँ हुआ था?

उत्तर ------------------------------------------------

(ग) मंत्री ने अपने बेटे को कितनी बार शहर भेजा था?

उत्तर ------------------------------------------------

(घ) 'पोस्टल इंडेक्स नंबर' का छोटा रूप क्या है?

उत्तर------------------------------------------------

(ङ) सरकार ने 'बैस्ट पोस्टमैन' का इनाम किसे दिया था?

उत्तर ------------------------------------------------

प्र.3 सही शब्द लिखकर खाली जगह भरो। (2)

(क) उड़ीसा पुलिस खास तौर पर ----------------- कबूतरों का इस्तेमाल दुर्गम इलाकों में संदेश पहुँचाने के लिए कर रही है।

(ख) झारखंड में ---------------- बड़े जोशो- खरोश के साथ मनाया जाता है।

प्र.4 नीचे दिए गए वाक्यों को शुद्ध करो। (2)

(क) कल हम आपके घर आएगा।

------------------------------------------------------------------------

**P.T.O**

(ख) राधा का बहन किताब पढ़ती है।

-------------------------------------------------------------------------------

प्र.5 पशु-पक्षियों से तुलना करते हुए कोई दो उदाहरण लिखो । (2)

उत्तर- 1- ------------------------ 2- -------------------------

प्र.6 मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग करो। (2)

आँख दिखाना ------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

नज़रें फेर लेना----------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

प्र.7 नीचे दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखो। (2)

1-आइसक्रिम - --------------------------2- त्योरियाँ ------------------------

प्र.8 खाना पकाने से संबंधित दो क्रिया शब्द लिखो। (2)

----------------------------- -----------------------------

प्र.9 नीचे दिए गए वाक्य किस काल में हैं - (3)

वर्तमानकाल , भूतकाल या भविष्यतकाल

(क) कल मैं मेरठ जाऊँगा।

----------------------------------------

(ख) पक्षी आसमान में उड़ रहे हैं।

-----------------------------------------

(ग) सुधा ने एक सुंदर गीत गाया।

------------------------------------------

प्र.10 नीचे दिए गए शब्दों के आगे उचित विशेषण शब्द लिखो। (2)

--------------साड़ी --------------किताब

प्र.11 ' बे ' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाओ । (2)

1- ---------------------- 2 -----------------------

प्र.12 नीचे दिए दी गई जातिवाचक संज्ञा के लिए व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखो। (2)

1- शहर------------------ 2- धातु -------------------

प्र.13 नीचे लिखे वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटकर लिखो। (2)

(क) बंदर पेड़ पर बैठा है।

क्रिया शब्द ------------------------

(ख) धोबी कपड़े धो रहा है।

क्रिया शब्द -------------------------

प्र.14 नीचे लिखे शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करो। (2)

चुनाव --------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------

लगाव --------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------

**P.T.O**

प्र. 15 कल्पना शक्ति के आधार पर उत्तर लिखो । (5×1=5)

(क) " केशव बार-बार सबको सुनाता।"

केशव सबसे क्या कहता होगा ? कल्पना करके केशव के शब्दों में लिखो।

प्र.16 प्रश्नों के उत्तर लिखो। (2×5=10)

(क) अकबर को पहरेदार की दखलंदाज़ी अच्छी क्यों नहीं लगी ?

(ख) बाहर देखने से समय का अंदाज़ क्यों नहीं हो पा रहा था ?

(ग) इला को लेकर स्कूल वाले चिंतित क्यों थे? क्या उनका चिंता करना सही था या नहीं ? अपने उत्तर का कारण लिखो।

(घ) कागज़ के पन्नों की किताब और टेलीविज़न के पर्दे पर चलने वाली किताब। तुम इनमें से किसको पसंद करोगे ? क्यों ?

-------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------------------

(ङ) गांधी जी को सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा ?

-------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------------------------------

---------------

प्र.17 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो।

राजा सुरथ हिमवान नामक राज्य के राजा थे। उनका मन बड़ा कोमल था। एक बार उन्होंने एक अपराधी को किसी कारण दंडित किया तो उसे दंड पाते देख उनका मन बहुत दुखी हुआ। ये सोचकर कि राजा होने पर दंड तो देना ही पड़ेगा , वे राज्य छोड़कर तपस्या करने के लिए वन में चले गए। एक दिन वन में तपस्या करते हुए उन्होंने देखा कि एक बाज अपने पंजों में तोते के बच्चे को ले जा रहा है। यह देखकर उन्हें तोते के बच्चे पर दया आ गई। उन्होंने एक पत्थर बाज को मारा , जिससे तोते का बच्चा तो बच गया ,लेकिन बाज मर गया। अपने हाथों दोबारा हिंसा होते देख उनका मन काँप उठा।

उसी समय महामुनि माण्डव्य वहाँ आए। उन्होंने राजा को दुखी देखकर कहा - राजन ! यदि न्याय न किया जाए ,कठोरता न बरती जाए तो दुष्ट लोग

**P.T.O**

सज्जन लोगों को परेशान करेंगे और संसार में अधर्म का बोलबाला जाएगा। यदि तुम व्यक्तिगत बैर-भाव से किसी को दंड नहीं दे रहे हो तो वह हिंसा नहीं है। इसलिए अपने मन से ये भाव निकालकर निष्काम भाव से प्रजा की सेवा करो । राजा होने के नाते राज्य में सुशासन स्थापित करना तुम्हारा कर्तव्य है।

(क) राजा सुरथ का स्वभाव कैसा था ? (1)

-----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

(ख) तपस्या करते समय राजा ने वन में क्या देखा? (1)

-----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

(ग) महामुनि माण्डव्य के अनुसार क्या करना हिंसा नहीं है? (1)

---------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

(घ) एक राजा का क्या कर्तव्य होता है? (1)

-----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

(ञ) विलोम शब्द लिखो। (2)

कठोर × ---------- न्याय × --------

(च) अर्थ लिखो। (2)

दंड = -- ------------ संसार = --------


(छ) वचन बदलो। (1)

तोते - ---------

(ज) लिंग बदलो। (1)

राजा - --------

प्र.18 नीचे दिए गए चित्र को देखकर एक अनुच्छेद लिखो। (5)



-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

**P.T.O**

प्र.19 नीचे लिखे अनुच्छेद को सुंदर लेख में दोबारा लिखो। (5)

एक समय ऐसा भी आया अब उसके काढ़े गए परिधानों की प्रदर्शनी लगी। इन परिधानों में काठियावाड़ के साथ -साथ लखनऊ और बंगाल भी झलक रहा था। इला ने काठियावाड़ी टाँकों के साथ -साथ और कई टाँके भी इस्तेमाल किए थे। पत्तियों को चिकनकारी से सजाया था। डंडियों को कांथा से उभारा था। पशु-पक्षियों की ज्यामितीय आकृतियों को कसूती और ज़ंजीरसे उठा रखा था। पारंपरिक डिज़ाइनों में यह नवीनता सभी को बहुत भाई।

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

प्र.20 अगर तुम्हें एक दिन के लिए सारे अधिकार मिल जाएँ तो तुम क्या-क्या करोगे? 50 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखो। (5)

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------